आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.03.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा – नया आयकर अधिनियम विवादों को कम करेगा और अनुपालन को सरल बनाएगा।
2. द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।
3. देश के विभिन्न हिस्सों के साथ द्वीप समूह में भी आज ईद–उल–फित्र का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
4. अंडमान कॉलेज में विधिक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल नई दिल्ली में आयकर अधिनियम 2025 पर देशव्यापी जागरूकता अभियान ''प्रारंभ 2026'' की शुरुआत की। यह अभियान प्रिंट, रेडियो, टीवी, आउटडोर, डिजिटल और सोशल मीडिया के अंतर्गत चलेगा। इसका उद्देश्य नए अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह अधिनियम अगले महीने की पहली तारीख से लागू होने जा रहा है। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि आयकर अधिनियम 2025 से त्रुटियां, विवाद और अनुपालन लागत कम होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि नया अधिनियम कम जटिल है और समझने के लिए लोगों को एक सरल ढ़ांचा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि छोटे व्यवसायी और पेशेवर अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और नए अधिनियम के तहत अनुमानित कराधान योजना को और मजबूत किया गया है।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उपराज्यपाल ने प्रधानमंत्री को फाइव–स्टार लक्ज़री इको–टूरिज़्म होटल क्षेत्र में PPP–मोड के तहत हाल ही में दिए गए कई अनुबंधों के बारे में जानकारी दी। उपराज्यपाल ने जल सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक उपायों का प्रस्ताव भी रखा। बढ़ती आबादी और बड़े बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के शुरू होने के साथ, आने वाले वर्षों में उपभोक्ताओं की संख्या में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके अलावा, देश के लगभग एक तिहाई विशेष आर्थिक क्षेत्र और एक चौथाई तटरेखा के साथ, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह 'ब्लू इकोनॉमी' में संभावित रूप से एक बड़ा योगदानकर्ता बन सकता है। बढ़ते पर्यटकों की संख्या को संभालने के लिए, चयनित स्थलों पर अतिरिक्त 'ग्रीन फील्ड' हवाई अड्डों का निर्माण, कई

स्थलों पर बड़े पैमाने पर बिजली उत्पादन के लिए 'स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टरों' पर विचार तथा हिंद महासागर क्षेत्र में जहाज मरम्मत एवं निर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के सुझाव भी रखे गए।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने कल 'भारत बिजली शिखर सम्मेलन 2026' में आयोजित बिजली मंत्री की गोलमेज बैठक में भाग लिया। इस बैठक की अध्यक्षता बिजली, आवास और शहरी मामलों के मंत्री, मनोहर लाल खट्टर ने की। अपने संबोधन में, उपराज्यपाल ने द्वीप समूह के चुनिंदा स्थानों के लिए 'छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों' पर विचार करने की सिफारिश की। उन्होंने बताया कि 'अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल' और नए 'ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों' जैसी बड़ी परियोजनाओं के शुरू होने के साथ ही बिजली की मांग मौजूदा जरूरतों की तुलना में कई गुना बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 'भूकंपीय क्षेत्र–पांच' में स्थित कई देश सफलतापूर्वक ऐसे ऊर्जा संयंत्र संचालित कर रहे हैं, जिनमें समुद्र में स्थापित फ्लोटिंग न्यूक्लियर प्लान्ट भी शामिल हैं। उन्होंने बिजली के निजीकरण से जुड़े मुद्दों के शीघ्र समाधान की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

<><><><><><><>

देश के विभिन्न हिस्सों के साथ द्वीप समूह में भी आज ईद–उल–फित्र का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्योहार रमज़ान के महीने के समापन का प्रतीक है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईद–उल–फित्र के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि यह त्योहार आत्मसंयम, दान और जरूरतमंदों के प्रति करुणा का संदेश देता है। उन्होंने इस अवसर पर देशवासियों से जरुरतमंदों की सहायता करने, समाज में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देने तथा राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने का संकल्प लेने का आह्वान भी किया।

इस अवसर पर द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने भी द्वीपवासियों को ईद–उल–फित्र की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि ईद–उल–फित्र, शांति, सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक है, जो हमें एकता और आपसी सम्मान के बंधन को और अधिक मज़बूत करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

द्वीपों के सांसद बिष्णु पर दे ने भी द्वीपवासियों को ईद–उल–फित्र की हार्दिक शुभकामनाएँ दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यह पवित्र पर्व हर घर में शांति, खुशहाली, स्वास्थ्य और समृद्धि लेकर आए तथा हमारे समाज में भाईचारे, करुणा और सौहार्द की भावना को और सुदृढ़ करे।

<><><><><><>

इस बीच ईद–उल–फित्र के अवसर पर द्वीप समूह के विभिन्न मस्जिदों में आज नमाज अदा की जाएगी। दिलानीपुर मस्जिद में सुबह साढ़े सात बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी, जबकि जामा मस्जिद टुशनाबाद में सवेरे आठ बजकर बीस मिनट में ईद की नमाज पढ़ी जाएगी।

<><><><><><>

आज बहाई नव वर्ष, 'नव–रूज़' मनाई जा रही है। इस अवसर पर उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने बहाई समुदाय के लोगों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि नव–रूज़ न केवल एक नए वर्ष के आगमन का प्रतीक है, बल्कि यह नवीनीकरण, आशा और अंधकार पर प्रकाश की विजय का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बहाई धर्म की शिक्षाएँ एक न्यायपूर्ण, समावेशी और करुणापूर्ण समाज के निर्माण की दिशा में मिलकर कार्य करने के लिए प्रेरित करती हैं।

<><><><><><>

आज अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय, 'वन और अर्थव्यवस्थाएँ', पारिस्थितिक स्थिरता, आर्थिक सुदृढ़ता और समुदायों के कल्याण में वनों के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करता है। इस अवसर पर अपने संदेश में उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने लोगों से वनों की सुरक्षा और उनके सतत प्रबंधन के प्रति उनकी सामूहिक जिम्मेदारी को दोहराया है। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने इन द्वीपों को प्रचुर वन संसाधनों का वरदान दिया है। अतः यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस अमूल्य प्राकृतिक विरासत का दूरदर्शिता और सावधानी के साथ संरक्षण, सुरक्षा और प्रबंधन करें, ताकि भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसकी निरंतरता सुनिश्चित की जा सके।

<><><><><><>

अंडमान कॉलेज के स्टाफ़ और छात्रों के लिए कल ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा 'प्रयास JAC सोसाइटी' के सहयोग से, विधिक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सम्राट रॉय, नयायिक मजिस्ट्रेट जयंत मुखर्जी और अनुपम सरकार उपस्थित थे। इन्होंने कानूनों के विकास, FIR दर्ज करने की प्रक्रियाओं और FIR, NCR तथा जनरल डायरी के बीच के अंतर

पर विस्तृत जानकारी दी। इस सत्र में घरेलू हिंसा और साइबर कानूनों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई। "कानून की जानकारी ही न्याय और सशक्तिकरण की दिशा में पहला कदम है।" ऐसे कार्यक्रम छात्रों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और उपलब्ध कानूनी उपायों के प्रति जागरूक बनाकर ज़िम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

<><><><><><><>